प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–11.08.2023 (सं0–368)

# अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु Non-Functional थाना/ओ0पी0/टी0ओ0पी0 को Functional बनाने के सम्बन्ध में।

- बिहार पुलिस राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध कारगर कार्रवाई करने के साथ जनता के बीच अपनी उपस्थिति बनाये रखने के लिए सदैव तत्पर है।
- पूर्व में किसी भी नगर के अथवा ग्रामीण थाने में दूरवर्ती स्थानों में गश्ती, निगरानी तथा सामान्यतः अपराधों के निरोध के लिए आरक्षी चौकियाँ (टी0ओ0पी0) खोली गयी थीं, परन्तु कालांतर में इनकी सक्रियता नगण्य हो गई थी। पुनः आम जनों के बीच पुलिस की प्रभावी उपस्थिति बनाने, अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य के Non-Functional थाना/ओ0पी0/टी0ओ0पी0 को Functional बनाने का निर्णय लिया गया है। इन सभी पुलिस प्रतिष्ठानों में पर्याप्त पुलिसकर्मी/पदाधिकारी तैनात किये गये हैं।

## 1. थाना–

- 07 (सात) थानें जो कार्यरत नहीं थें उन्हें क्रियाशील किया गया है।
- 51 अन्य Non-Functional थाना को Functional बनाने का निर्णय लिया गया है।
- इनमें 35 थानों का भवन निर्माणाधीन है।
- 05 थानों का क्षेत्राधिकार निर्गत नहीं होने के कारण वर्तमान में ओ0पी0 के रूप में कार्यरत हैं।
- कुछ थानों के भवन के लिए भूमि चिन्हित एवं अधिगृहित करने की कार्रवाई चल रही है। इस कार्य को शीघ्र हीं पूरा किया जा रहा है।

## कार्यरत (क्रियाशील) किये गये थानें

| क्र0सं0 | जिला | संख्या | थाने का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | पटना | 05 | 1. इमामगंज, 2. पिपलावां (पितवास), 3. पंचरुखिया, 4. पियरपुरा एवं मुसल्लहपुर |
| 2 | शेखपुरा | 01 | बउघाटा |
| 3 | समस्तीपुर | 01 | कर्पूरीग्राम |
| | **कुल** | **07** | |

## 2. ओ0पी0–

- **09 (नौ) अधिसूचित ओ0पी0** जो Functional नहीं हैं, उन्हें **Functional बनाने का निर्णय लिया गया है।** इनमें 05 ओ0पी0 का भवन निर्माणाधीन है एवं शेष के लिए भूमि चिन्हित/अधिगृहित करने की कार्रवाई चल रही है।

## 3. टी0ओ0पी0–

- गत **02 महोनों में 16 जिलों के 96 टी0ओ0पी0** को कार्यरत किया गया है जिसमें **पटना जिलान्तर्गत 53 टी0ओ0पी0** कार्यरत है।
- इन टी0ओ0पी0 में 1 पदाधिकारी/हवलदार एवं 3–4 सिपाही तैनात किया जा रहा है। उनके लिए बीट/वार्ड के अनुसार क्षेत्र निर्धारित किया गया है।
- टी0ओ0पी0 में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी विभिन्न कार्य करेंगे, जिनमें मुख्य निम्न है:–
    - अपने क्षेत्रान्तर्गत सघन गश्ती एवं पेट्रोलिंग।
    - बैंक/ए0टी0एम0, डाकघर इत्यादि की सुरक्षा के लिए चेकिंग।
    - वारण्ट, समन, द0प्र0स0 107 के नोटिस का तामिला।
    - क्षेत्रान्तर्गत जनता की शिकायत सुनना एवं अंकित करना।
    - सम्बद्ध थाना को क्षेत्र के खैरियत से अवगत कराना।

| क्र0सं0 | जिला | टी0ओ0पी0 की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पटना | 53 |
| 2 | मुजफ्फरपुर | 12 |
| 3 | वैशाली | 5 |
| 4 | कटिहार | 5 |
| 5 | बांका | 3 |
| 6 | गोपालगंज | 3 |
| 7 | जमुई | 2 |
| 8 | मधुबनी | 2 |
| 9 | भोजपुर | 2 |
| 10 | भभुआ | 2 |
| 11 | बक्सर | 2 |
| 12 | मोतिहारी | 1 |
| 13 | किशनगंज | 1 |
| 14 | लखीसराय | 1 |
| 15 | खगड़िया | 1 |
| 16 | अरवल | 1 |
| | कुल | **96** |

**XXXXXXXX**